

## मुनि प्रणुत सागर मुनिराज का ससंघ मंगल प्रवेश



**बड़वानी।** दिगंबर जैन समाज के संत पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महा मुनिराज के शिष्य प्रसन्न मना मुनि श्री प्रणुत सागर जी मुनिराज का बुधवार को बड़वानी से मंगल विहार हुआ। मुनि श्री श्रावक-श्राविकाओं के साथ पद विहार करते हुए सिद्धक्षेत्र बावनगजा पहुंचे। रास्ते में मुनिश्री द्वारा धर्म की कई बारीकियां बताई गई। साथ ही श्रावक-श्राविकाओं ने जय घोष के साथ मंगल गान करते हुए विहार में साथ रहे। सिद्धक्षेत्र पर बावनगजा कमेटी ने मुनिश्री के पाद प्रक्षालन, आरती उतार कर श्रीफल भेंट किया और ढोल की थाप पर मंगल प्रवेश कराया। मुनि श्री ससंघ ने बड़े बाबा के दर्शन किए। मुनिश्री के सानिध्य में रात्रि में अहिंसा कॉन्सेप्ट जैन भजन संध्या धन्यश्री की सुमधुर आवाज में सम्पन्न हुई। जिसमें श्रावकों ने खूब भक्ति मय नृत्य किए। मुनिश्री ने तलहटी के मंदिर के भी दर्शन किए तथा पूर्व से विराजित उपाध्याय श्री विभंजन सागर जी से भी मिलन हुआ। बावनगजा ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष विनोद दोशी और ट्रस्ट कमेटी द्वारा मुनिश्री प्रणुत सागर जी को आगामी माघ चतुर्दशी 16 और 17 जनवरी को होने वाले वार्षिक मेले भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याणक, निर्वाण लाडू और मस्तकाभिषेक में सानिध्य प्रदान करने के लिए श्रीफल चढ़ाया।

# वार्ड 2 की पार्षद बनी सलोनी राणा

## 222 मतों से हुई विजयी, ढोल नगाड़ों के साथ मनाया जीत का जश्न





**पानसेमल,** वार्ड 2 पार्षद पद निर्वाचन के परिणाम बुधवार को तहसील कार्यालय में मतगणना के बाद घोषित हुए। सुबह से ही मतगणना कर्मचारियों ने व्यवस्थाओं के बीच मतगणना शुरू की। 1 राउंड की गणना के बाद भाजपा उम्मीदवार सलोनी राणा को 317 मत एवं मेहरून बी 95 मत तथा नोटा को 10 मत प्राप्त हुए। सलोनी राणा 222 मतों से विजई हुई।

71 वर्षीय सलोनी राणा भूमि विकास बैंक में शाखा प्रबंधक कार्य कर रिटायर हो चुकी है। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। जीत के बाद उन्होंने सब का साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की बात कही है और सभी मतदाताओं का आभार जताया है। स्थानीय दुर्गा मंदिर में माताजी का आशीर्वाद प्राप्त कर नगर के मुख्य मार्ग से चल समारोह निकला। जिसके बाद वे विधायक कार्यालय पहुंचे।

अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला पदाधिकारी इस्माइल आजाद एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। सलोनी राणा की जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर छाई है। विधायक श्याम बर्डे, नप अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, जपं अध्यक्ष शिला विनोद वसावे, प्रतिनिधि विनोद वसावे, चुनाव प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री सचिन चौहान, जिला उपाध्यक्ष राम सोनाने, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन, मंडल अध्यक्ष चेनसिंह गदरे, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सोनीस, जनप्रतिनिधियों व भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। सभी मतदाताओं के कार्य होंगे, किसी से भी किसी प्रकार का मन मुटाव नहीं है। जनता की सेवा करने का अवसर मिला है, उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी।

रिटर्निंग अधिकारी रमेश सिसोदिया ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर जयतिसिंह के निर्देशन में सुबह करीब 9 बजे उम्मीदवार, अभिकर्ता एवं मतदान गणना दल ने स्ट्रांग रुम में आवश्यक प्रक्रिया के बाद ईवीएम मशीन निकाली और गणना कक्ष में मतगणना की। घोषणा के बाद विजई उम्मीदवार सलोनी राणा को प्रमाण-पत्र दिया गया। इस दौरान सहायक रिटर्निंग तहसीलदार सुनील सिसोदिया, सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजाराम रानाडे, थाना प्रभारी मंशाराम वगेन, नप सीएमओ संतराम चौहान सहित नप एवं राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे। अब ग्राम वांगरा सरपंच उपचुनाव के नतीजों का इंतजार बना हुआ है।

**नतीजों का है इंतजार**

**अब सरपंच उपचुनाव के नतीजों का इंतजार बना है।**

# महाविद्यालय में हो रही राष्ट्रीय विवि की परीक्षाएं



**बड़वानी, ( नवभारत )।** आदर्श महाविद्यालय में राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की परीक्षाएं हो रही है। 26 दिसंबर से माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय भोपाल मध्य प्रदेश की सत्र 2025-26 की परीक्षाए हो रही हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित ने बताया कि यह परीक्षाएं दो पालियों में सुबह 9 से 12 और दोपहर में 2 से 5 बजे तक हो रही है।

परीक्षाओं को व्यवस्थित रूप से संचालित करने डॉबीएस मुजाल्दा को परीक्षा नियंत्रक एवं प्रबंधक नियुक्त किया है एवं परीक्षा कंट्रोल रूम का प्रभारी डॉ दिनेश पाटीदार को बनाया है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय की पीजीडीसीए, डीसीए, बीसीए, एमसीए, बीकाम के सेमेस्टर की परीक्षा हो रही हैं। जिनमें अलीराजपुर, धार और खरगोन के लगभग 30 से अधिक पत्रकारिता विवि के केंद्रों के विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र प्राप्त हुआ है।

डॉ अनिल पाटीदार ने बताया कि परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थी निजी और शासकीय सेवा में योग्यता से नौकरी प्राप्त करने में सक्षम हो सकेंगे।

# गीता जयंती के उपलक्ष्य में निकाला शौर्य संचलन



**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष्य में शौर्य संचलन निकाला गया। दुर्गा मंदिर के पीछे मेला ग्राउंड पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का एकत्रीकरण हुआ।

भगवान श्रीराम दरबार के पुजन के बाद मेंद्राना संत श्री राजारामदास महाराज, प्रवीणदास महाराज एवं अतिथि सत्कार हुआ। विहिप जिलाध्यक्ष गिरवरदयाल शर्मा ने धर्मांतरण रोकने, सनातन धर्म जागरण सहित संगठन के कार्यों को विस्तार से बताया।

संगठन के विभाग मंत्री मनोज वर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में दीपू दास के साथ हुई घटना के बाद भी हिन्दू नींद से नहीं जागा है। हिंदुओं के साथ षड़यंत्र के तहत घटनाएं हो रही है। जिससे संज्ञान लेकर सभी को एकजुट होना जरूरी है। रामलला के मंदिर बनने के पहले हिन्दू संगठनों पर कटाक्ष किए जाते रहे हैं, लेकिन वर्तमान में भगवान श्रीराम अयोध्या में विराजित हुए हैं। जातियों में बंटने से हिंदू बहुसंख्यक से अल्पसंख्यक हो गया है, बहुत से विधर्मी हिंदुओं का धर्मांतरण करा रहे हैं। यदि समय पर कदम नहीं उठाए तो पीढ़ियां हमें कोसेंगी। संगठन से जुड़ने के साथ ही धर्म के प्रति सजग रहने की बात कही।

# नववर्ष पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**सेंधवा, 01 जनवरी.** नगर में नववर्ष के पावन अवसर पर गुरुवार से 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा। कथा से पूर्व भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो श्री राजराजेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी। आयोजन के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण का सृजन कर धार्मिक आस्था को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

यह सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा समाजसेवी स्वर्गीय विष्णुप्रसाद यादव की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा आयोजित की जा रही है। कथा का संगीतमय वाचन निंबार्काचार्य श्री श्रीजी महाराज श्री श्यामशरण देवाचार्य, सलेमाबाद के श्रीमुख से किया जाएगा।

**शोभायात्रा की भव्य रूपरेखा** -कथा के शुभारंभ को लेकर गुरुवार सुबह 10.30 बजे श्री राजराजेश्वर मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में सबसे आगे घोड़ों पर सवार युवा हाथों में ध्वज लेकर चलेंगे। इसके बाद 108 जोड़े महिला-पुरुष पारंपरिक धार्मिक वेशभूषा में कलश धारण कर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगे। शोभायात्रा में दो आकर्षक झांकियां भी शामिल रहेंगी, जिनमें केरल की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। वहीं अलीराजपुर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत आदिवासी नृत्य शोभायात्रा में रंग और उल्लास भर देंगे। एक विशेष बग्गी श्री श्रीजी महाराज के लिए सुसज्जित की गई है, जो शोभायात्रा के साथ चलेगी।

शोभायात्रा श्री राजराजेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर राम बाजार, श्याम बाजार, मोतीबाग चौक, संत विनोबा भावे मार्ग, गुरुद्वारा मार्ग से होते हुए कथा स्थल जगन्नाथपुरी, झवर कॉलोनी पहुंचेगी। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत रखा गया है। अग्रवाल समाज द्वारा श्री सत्यनारायण मंदिर, दशोरा समाज द्वारा मोतीबाग चौक पर, मारवाड़ी ब्राह्मण समाज द्वारा गुरुद्वारा के पास स्वागत किया जाएगा। कथा का वाचन दोपहर 2 बजे 5 बजे तक श्री श्रीजी महाराज द्वारा किया जाएगा। जिसके लिए भव्य पंडाल और उत्कृष्ट व्यवस्थाएं कथा स्थल पर लगभग एक लाख स्क्वेयर फीट क्षेत्र में वाटरप्रुफ पंडाल का निर्माण किया गया है, जिसमें लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था रहेगी। महिलाओं एवं पुरुषों के लिए पृथक-पृथक बैठक व्यवस्था की गई है। कथा मंच 80 फीट बाय 40 फीट आकार का भव्य रूप में तैयार किया गया है। पूरे पंडाल को बांसुरी, माखन की मटकी एवं मोरपंख की आकर्षक सजावट से सजाया गया है, जो भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सजीव आभास कराएगा। श्रद्धालुओं को श्री श्रीजी महाराज के प्रवचन एवं दर्शन में असुविधा न हो, इसके लिए कथा स्थल पर चार बड़ी एलईडी टीवी स्क्रीन लगाई गई हैं। पेयजल की समुचित व्यवस्था की है व स्वास्थ्य सुविधा के लिए डॉ भी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे।

### आयोजकों ने की अपील

आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बस की सुविधा भी रखी गई है। लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में इस आध्यात्मिक महोत्सव का लाभ ले।

### एक नजर में

## पार्षद पुत्र के ऑफिस में तोड़फोड़ का आरोपी धराया

**इंदौर .** बाणगंगा क्षेत्र में पार्षद पुत्र के ऑफिस पर तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने वाला शातिर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गया है. आरोपी ने



उज्जैन में महाकाल सवारी पर थूकने के मामले में राजीनामा कराने के लिए धमकी दी थी. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि ग्राम नजरपुर थाना घटिया जिला उज्जैन निवासी शाहरुख उर्फ जलील पिता सलीम, उम्र 25 वर्ष, अपने साथियों के साथ बाणगंगा क्षेत्र स्थित मासूम जायसवाल के ऑफिस पहुंचा था. वहां तोड़फोड़ कर आरोपी ने धमकाया था कि यदि महाकाल सवारी से जुड़े प्रकरण में आरोपियों के पक्ष में राजीनामा नहीं किया तो जान से खत्म कर देगा. घटना के बाद पुलिस ने शाहरुख और उसके साथियों सौरभ, गोलू और विनोद के खिलाफ मामला दर्ज किया था. तीन आरोपियों को घटना के बाद ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि फरार चल रहा शाहरुख अब पुलिस के हत्थे चढ़ा है. हालांकि, गिरफ्तारी के दौरान भागने की कोशिश में वह गड्ढे में गिर गया, जिससे उसके पैर में चोट आई. थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ उज्जैन और बाणगंगा थानों में पहले से कई अपराध दर्ज हैं.

## किसानों ने किया तहसील कार्यालय का घेराव



**महू .** तहसील महू की ग्राम पंचायत भगोरा के किसानों ने मंगलवार को तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया. उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर नर्मदा माइक्रो सिंचाई परियोजना से पानी न मिलने की शिकायत की. किसान पिछले दो साल से पानी से वंचित हैं. पूर्व में किसानों ने क्षतिग्रस्त पाइप लगाने के लिए रोका भी था. इसके बाबजूद ठेकेदार बोला था कि अभी लगाओ, लीकेज होने पर बाद में देखेंगे. फिर भी जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं. प्रदर्शनकारी किसानों का आरोप है कि उन्हें लगातार लाइन लीकेज का बहाना बताया जा रहा है और सुधार कार्य का आश्वासन दिया जा रहा है. जबकि हरसोला, दतोदा, मेमदी, अंबाचंदन और सिमरोल जैसे आसपास के गांवों को यह पानी नियमित रूप से मिल रहा है. किसान लोकेश वर्मा ने बताया कि दो साल से यही जवाब मिलने के कारण किसान खुद को भेदभाव का शिकार महसूस कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि पानी की अनुपलब्धता के कारण भगोरा गांव के किसानों की फसलें सूखने लगी हैं. किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने का निवेदन किया है, ताकि उनकी सूखती फसलों को बचाया जा सके.

## शिक्षा शिखर स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन

**महू .** शिक्षा शिखर विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया. इस वर्ष के कार्यक्रम की थीम वासुधैव कुटुंबकम (विश्व एक परिवार है) रखी गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल गौतम चौहान डिप्टी कमांडेंट इन्फैंट्री स्कूल उपस्थित रहे. अतिथि के रूप में कर्नल प्रेमआनंद के, कर्नल मनोजीत सिन्हा, स्कूल के डायरेक्टर कैप्टन अशोक माहेश्वरी और प्रिंसिपल ज्योति माहेश्वरी मौजूद थे. दीप प्रज्वलन के बाद स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया.

# मुख्यमंत्री ने लिया एक्शन, कलेक्टर ने जिम्मेदारों पर की कार्रवाई

**जोनल अधिकारी, सहायक यंत्री निलंबित, उपयंत्री तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक**

**इंदौर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई घटना बेहद दुखद है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपचार रत प्रभावितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है. साथ ही उन्होंने इस दुखद हादसे में क्षेत्र का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए है। इस संबंध में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि भागीरथपुरा मामलें में जोनल अधिकारी शालिग्राम सितोले, सहायक यंत्री योगेश जोशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है और प्रभारी उपयंत्री पीएचई शुभम श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक किया गया है. साथ ही इस पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यों की एक समिति गठित की गई है। समिति आईएएस श्री नवजीवन पंवार के निर्देशन में जांच करेगी। समिति में श्री प्रदीप निगम, सुप्रिडेंट इंजीनियर और मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शैलेश राय को भी शामिल किया गया है.

### मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपए की सहायता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई घटना बेहद दुखद है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपचार रत प्रभावितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मृतकों के परिवारजन को 2-2 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। इसके साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि मरीजों के इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। पेयजल के संक्रमित या दूषित होने के कारण नागरिकों का स्वास्थ्य बिगड़ने की स्थिति पर नजर रखने और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश यथा समय संबंधित अधिकारियों को दिए गए।


# पुलिस चेकिंग के दौरान कार से 1.18 करोड़ की संदिग्ध नकदी जब्त

- **प्लॉयवुड कंपनी के मालिक ने फार्म हाउस भिजवाए थे**
- **पुलिस को हवाला का शक, पुलिस और आयकर विभाग कर रहे जांच**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में संदिग्ध नकदी बरामद की. कार की डिक्की से करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपये नकद मिले, जिनके संबंध में वाहन सवार संतोषजनक जवाब नहीं दे सके. मामले में आयकर विभाग को सूचना देकर कार्रवाई शुरू कर दी है.**

कनाड़िया टीआई सहर्ष यादव ने बताया कि क्षेत्र में एफआरवी वाहन द्वारा सतत पेट्रोलिंग की जा रही थी. इसी दौरान होटल प्रेसिडेंट के पास एक टाटा नेक्सॉन ईवी कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी. एफआरवी में तैनात




**मालिक ने बैग फार्म हाउस में देने को कहा था**

पुलिस नकदी मिलने के बाद कार और उसमें सवार तीन युवकों राजेश यादव, प्रभात अग्रवाल और आनंद को थाने ले गई, जहां पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि यह राशि सेफलेक्स इंटरनेशनल लिमिटेड और मंत्रम टेक्नो फेब प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित है. कार प्लायवुड कंपनी के मालिक सनद अग्रवाल की है। उन्होंने ही ये बैग दिया है, जिसे फार्म हाउस में देने को कहा था।

आरक्षकों ने कार की जांच की तो उसमें तीन युवक बैठे मिले. पूछताछ के दौरान तीनों घबरा गए, जिससे पुलिस का शक और गहरा हो गया. संदेह के आधार पर जब कार की डिक्की खुलवाई गई तो उसमें भारी मात्रा में नकदी भरी हुई मिली.

संदिग्ध नकदी मिलने की सूचना पर आयकर विभाग को अवगत करा दिया है. आयकर विभाग की जांच के आधार पर पूरे मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है. फिलहाल, पुलिस और आयकर विभाग की संयुक्त जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि इतनी बड़ी रकम कहां से लाई जा रही थी और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना था.

**रकम को लेकर ठोस जानकारी नहीं दे पाए आरोपी**

पूछताछ में वाहन सवारों ने करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपये नकद होने की बात स्वीकार की, लेकिन इतनी बड़ी रकम कार में रखने को लेकर कोई संतोषजनक दस्तावेज या ठोस जानकारी पुलिस को नहीं दे पाए. मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद तीनों संदिग्धों को कार सहित थाने लाया गया.

# सनकी आशिक ने घर में घुस विवाहिता को पीटा

## शादीशुदा होने के बाद भी पूर्व पड़ोसी शादी को लेकर बना रहा था दबाव

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. भागीरथपुरा में रहने वाली एक युवती ने अपने पूर्व पड़ोसी के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट को लेकर सोमवार देर रात थाने में शिकायत की है. युवती का कहना है कि उसका पूर्व पड़ोसी उसका पीछा करते हुए आया और उसके साथ छेड़छाड़ की. जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट की. रात में हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को जानकारी लगी तो वे पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई.**

श्रीराजपूत करणी सेना हिंदूवादी मानसिंह राजावत ने बताया कि पीड़िता पास्कोला वैल्यू कंपनी में लोन दिलाने का काम करती है और पहले 72 भागीरथपुरा क्षेत्र में किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रहती थी. उसी दौरान उसकी पहचान पड़ोसी तरुण सूर्यवंशी से हुई थी. आठ साल पहले पीड़िता



वहां से दूसरी जगह रहने चली गई थी. सितंबर 2024 में पीड़िता की शादी हो गई, इसके बाद भी आरोपी तरुण उसे पसंद करने और शादी करने की बात कहता रहा. युवती द्वारा साफ इंकार करने के बावजूद आरोपी उसका पीछा करता रहा. सोमवार को जब वह अपनी मां के घर आई हुई थी. इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचा और बुरी नीयत से युवती का हाथ पकड़ लिया. आरोपी जबरन उसे घर से बाहर ले गया और शादी नहीं करने

**युवती की मां बाहर आई तो आरोपी भाग गया**

युवती की मां जब बीच-बचाव करने आई तो आरोपी उन्हें देखकर मौके से भाग निकला. घटना की जानकारी हिंदूवादी संगठनों को लगी तो वे मौके पर पहुंचे और घटना के बाद डरी-सहमी पीड़िता को थाने लेकर पहुंचे. थाने में पीड़िता ने पूरी आप-बीती पुलिस को बताई. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट और धमकी देने जैसी धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा.

## 2.20 लाख रु. की एमडी और ब्राउन शुगर के साथ दो धराए

**इंदौर.** नववर्ष को देखते हुए अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में क्राइम ब्रांच ने दो अलग-अलग स्थानों से 11 ग्राम एमडी और 10.15 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 21.15 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 2 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है.

एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि जवाहर मार्ग चौकी के पास नाले के किनारे से फराज खान निवासी साउथ तोड़ा, सेंट्रल कोतवाली को पकड़ा, जिसके पास से 11 ग्राम एमडी और एक मोबाइल बरामद हुआ. वहीं, पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास एमआर 04 रोड से दानिश शेख निवासी आजाद नगर को 10.15 ग्राम ब्राउन शुगर और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया. पूछताछ में दोनों ने नववर्ष पर नशे के आदी लोगों को महंगे दामों पर मादक पदार्थ बेचने की बात कबूल की है.

# पीटीसी में नव आरक्षकों को दिया अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में नव आरक्षकों को आग लगने के कारण, उससे बचाव और आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई को लेकर जागरूक और प्रशिक्षित किया. पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज ( पीटीसी ) में नव आरक्षकों के बीच अग्नि सुरक्षा को लेकर एक सेमिनार का आयोजन किया.**

सेमिनार का उद्देश्य नव आरक्षकों को आग लगने के संभावित कारणों, आग से बचाव के उपायों और आपात हालात में सही तरीके से आग पर काबू पाने की जानकारी देना रहा. कार्यक्रम में उप निरीक्षक सुशील कुमार दुबे एवं उनकी टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया. इस दौरान आग के विभिन्न प्रकारों की जानकारी दी और बताया कि किस तरह की आग में कौन सा अग्निशामक उपकरण उपयोग में लाया जाना चाहिए. प्रशिक्षण के दौरान अग्निशामकों (एक्सटिंग्विशर) के अलग-अलग प्रकार, उनके उपयोग की विधि और सावधानियों को विस्तार से समझाया. इसके साथ ही आग लगाकर उसे बुझाने का जीवंत प्रदर्शन भी किया, जिससे नव आरक्षकों को वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने का व्यावहारिक अनुभव मिल सके. अधिकारियों ने बताया कि ड्यूटी के दौरान कई बार आगजनी जैसी घटनाएं सामने आती हैं.